कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)।

पत्रांक 96 /जि.पं.स./मानचित्र/पं.रा.वि./2025–26 दिनांकः 03/05/2025

कम्पलीशन/पूर्णतः प्रमाण पत्र

मै. एम.एस. मेन्थाल प्रा.लि. डायेरक्टर श्री संचित अग्रवाल पुत्र श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल निवासी मुंसिफ रोड चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल द्वारा ग्राम वझावली उर्फ मझावली तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल में स्थित भूमि गाटा संख्या 876 पर निर्मित आवासीय भवनों का पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी करने का अनुरोध किया गया है।

सन्दर्भित स्थल का मानचित्र (कुल क्षेत्रफल 10738 वर्गमीटर), इस कार्यालय के पत्रांक 365/जि.पं./नि.अनु./2022–23/35 दिनांक 19.10.2022 द्वारा स्वीकृत किया गया था तथा उस समय में प्रस्तुत मानचित्र Er. Gaurav Rastogi, Meerut द्वारा तैयार किया गया था।

तत्क्रम में अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, सम्भल से उक्त भवन का स्थलीय निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण आख्या में अवर अभियन्ता ने अवगत कराया गया है कि आवेदक के उक्त भवन का निर्माण कार्य, जिला पंचायत, सम्भल के स्वीकृत मानचित्र के अनुसार सही पाया गया, निर्मित भवन में भूकम्प रोधी व सुरक्षित डिजाइन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी आर्किटेक्ट/वास्तुविद की होगी। भविष्य में अथवा किसी भी समय निर्मित भवन में कोई भी दुर्घटना घटित होती है, तो जिला पंचायत, सम्भल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, सम्पूर्ण जिम्मेदारी आवेदक की होगी। यह प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त यदि किसी विभाग की जिनसे लाईसेन्स/अनुज्ञा/अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया जाना आवश्यक हो, के प्राप्त करने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा।

अतः प्रस्तुत अभिलेखों, वास्तुविद द्वारा उपलब्ध कराये गये पूर्णतः प्रमाण पत्र एवं अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, सम्भल की आख्या के क्रम में ग्राम वझावली उर्फ मझावली तहसील चन्दौसी जनपद सम्भल में स्थित भूमि गाटा संख्या 876 पर निर्मित आवासीय भवनों का पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। यदि भविष्य में प्रस्तुत भवन के मानचित्र में किसी भी प्रकार का कोई परिवर्तन किया जाता है तो उक्त प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा, तथा भौतिक रूप से भवन निर्माण के लिए प्रमाण पत्र जारीकर्ता की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अवर अभियन्ता/अभियन्ता
जिला पंचायत,सम्भल।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,सम्भल

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अग्निशमन अधिकारी, सम्भल (कार्यालय चन्दौसी) को सूचनार्थ। (पंजीकृत)
2. सहायक श्रम आयुक्त, सम्भल (नगर पालिका परिसर, सम्भल) को सूचनार्थ (पंजीकृत)
3. मै. एम.एस. मेन्थाल प्रा.लि. डायेरक्टर श्री संचित अग्रवाल पुत्र श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल निवासी मुंसिफ रोड चन्दौसी तहसील चन्दौसी जिला सम्भल को प्रार्थना पत्र के क्रम में सूचनार्थ।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,सम्भल